# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 09/08/2023 को "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय श्री शमशेर जी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | जिसमे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शिवनगर के सभी स्वयंसेवियों के साथ - साथ इको क्लब के सभी सदस्य सहित सभी महाविद्यालीय छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया | इस अभियान में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर एवं आस- पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया एवं शपथ ग्रहण की |

इस अवसर पर प्राचार्य महोदय सहित प्रो संजीव शर्मा , प्रो राजेश जी ,प्रो शिखा धरवाल ,डॉ उज्जवल कटोच, प्रो सुमिक्ष्ल सूद ,प्रो विवेकानंद शर्मा ( कार्यक्रम अधिकारी ), प्रो योगेश पांडेय जी उपस्थित रहे |

P.O.

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086



Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 14/09/2023 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय श्री उपेन्द्र शर्मा जी के संरक्षण में हिन्दी दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर डॉ नीतिका शर्मा एवं हिन्दी विभाग के प्राध्यापक प्रो0 योगेश पाण्डेय जी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं तथा NSS स्वयं सेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आयोजित प्रतियोगिताओं का तथा पुरस्कार विजेताओं का विवरण इस प्रकार से है -

**1 निबंध लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - स्नेहलता - बी.कॉम.- द्वितीय वर्ष

द्वितीय स्थान - अंजलि -बी.कॉम.- तृतीय वर्ष

तृतीय स्थान - महक- बी.कॉम.- प्रथम वर्ष

**2 काव्य पाठ प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - पलक - बी.कॉम. प्रथम वर्ष

द्वितीय स्थान - पल्लवी - बी. ए. प्रथम वर्ष

तृतीय स्थान - शकुंतला- बी.ए. द्वितीय वर्ष

सांत्वना पुरस्कार - रितिका -बी.कॉम. प्रथम वर्ष

**3 पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - आशीष - बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

द्वितीय स्थान - मुस्कान - बी.ए. द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थान - सुमित - बी.कॉम. तृतीय वर्ष

सांत्वना पुरस्कार -अंशुल- बी.कॉम. तृतीय वर्ष

-दामिनी - बी.ए. तृतीय वर



इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो0 संजीव कुमार शर्मा जी, प्रो0 राजेश जी, प्रो0 नीतिका शर्मा जी, प्रो0 शिखा धरवाल, प्रो0 विवेकानंद शर्मा, प्रो0 योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे।

N Sharma

विवेकानन्द शर्मा
N.S.S. कार्यक्रम अधिकारी

उपेन्द्र शर्मा
Principal / प्राचार्य
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 18/09/2023 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय श्री उपेन्द्र शर्मा जी के संरक्षण में तथा NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विवेक नंद शर्मा जी के नेतृत्व में ओज़ोन दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। NSS स्वयं सेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रो० राजेश कुमार जी, प्रो० शिखा धरवाल जी तथा प्रो० योगेश पाण्डेय जी ने निर्णायक दल के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजित प्रतियोगिताओं का तथा पुरस्कार विजेताओं का विवरण इस प्रकार से है -

**1 नारा लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - यामिनी -B.com. प्रथम वर्ष

द्वितीय स्थान - अंशुल - B.com. द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थान - रीतिका-B.com. प्रथम वर्ष

सांत्वना पुरस्कार - साक्षी B.com. तृतीय वर्ष

**2 पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - आशीष -B.com. द्वितीय वर्ष

द्वितीय स्थान - मुस्कान- B.A. द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थान - प्रिंस - B.A. प्रथम वर्ष

सांत्वना पुरस्कार - सचिन- B.com. तृतीय वर्ष



इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो0 संजीव कुमार शर्मा जी, प्रो0 राजेश जी, प्रो0 शिखा धरवाल, प्रो0 विवेकानंद शर्मा, प्रो0 योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे।

विवेका नन्द शर्मा
NSS कार्यक्रम अधिकारी

उपेन्द्र शर्मा
प्राचार्य

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) 176086
DDO Code 230

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 29/09/2023 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय श्री उपेन्द्र शर्मा जी के संरक्षण में तथा NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विवेका नंद शर्मा जी के नेतृत्व में "स्वच्छता ही सेवा "अभियान के अन्तर्गत NSS स्वयंसेवियों ने एवं महाविद्यालय सभी विद्यार्थियों ने परिसर की सफाई की एवं स्वच्छता की शपथ ग्रहण की । इस अवसर पर उन्होंने शपथ ली कि वे अपने घर में, महाविद्यालय में, आस पड़ोस में भी सफाई रखेंगे तथा औरों को भी सफाई के प्रति जागरूक करेंगे।




इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो0 संजीव कुमार शर्मा जी, प्रो0 राजेश जी, प्रो0 शिखा धरवाल, प्रो० नीतिका शर्मा, डॉ उज्जवल कटोच,प्रो0 विवेकानंद शर्मा उपस्थित रहे।

VVSharma

Viveka Nand Sharma
N.S.S. (P.O.)

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 13/10/2023 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय श्री उपेन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय जी द्वारा कलश में चावल एवं मिट्टी डालकर किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने एवं सभी छात्रों ने भाग लिया एवं घर से लाई गई मिट्टी को कलश में एकत्रित किया । इसके अतिरिक्त सभी के द्वारा पंच प्रण प्रतिज्ञा भी ली गई।




इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह, प्रो0 संजीव शर्मा, प्रो0 राजेश कुमार, प्रो0 शिखा धरवाल, डॉ० नीतिका शर्मा, प्रो0 योगेश पांडेय जी उपस्थित रहे

N.S.S.P.O.

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

दिनांक –00/11/2023

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 00/11/2023 को प्राचार्य श्री उपेन्द्र शर्मा जी की अध्यक्षता में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में "नशामुक्ति एवं व्यक्तित्व निर्माण" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ लखन पाल जी एवं डॉ आलोक जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे | उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को नशे के दुष्परिणाम एवं उनसे बचाव के बारे में विस्तार से अपने विचार सांझा किये साथ ही साथ व्यक्तित्व निर्माण पर स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया | इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया |




इस अवसर पर प्रो संजीव शर्मा , प्रो राजेश कुमार, प्रो शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल कटोच, प्रो नीतिका शर्मा एवं प्रो योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे | |

N.S.S.(P.O)

प्राचार्य
Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आज दिनांक 19/11/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा जी के संरक्षण में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया । जिसमें सभी स्वयं सेवियों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में क्यारियों का जीर्णोद्धार किया,आस-पास उगी हुई झाड़ियों को काटा तथा कचरे का निपटारा किया।











V.Sharma
19/11/2023
Viveканand Sharma
N.S.S (P.O.)

प्राचार्य
उपेन्द्र शर्मा

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर
# जिला कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में आज दिनांक 25/11/2023 को प्राचार्य महोदय प्रो॰ उपेन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवियों ने एवं महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर संविधान की मूल भावना को आत्मसात करने हेतु सभी ने उद्देशिका (प्रस्तावना) का वाचन एवं अनु-वाचन किया । प्राचार्य महोदय जी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान की महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला।









इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो0 संजीव कुमार, प्रो0 राजेश कुमार, डॉ नीतिका शर्मा, डॉ उज्जवल कटोच एवं प्रो0 योगेश पांडेय जी जी उपस्थित रहे

विवेकानंद शर्मा
NSS( P.O.)

प्रो॰ उपेन्द्र शर्मा

Principal प्राचार्य
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

विश्व एड्स दिवस

राजकीय महविद्यालय शिवनगर में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर आज दिनांक 01/12/23 को प्राचार्य महोदय प्रो॰ उपेन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो॰ विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया | इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में इस रोग के कारण एवं उपाय से लोगों को जागरूक करने के लिए बच्चों से आवाहन किया |

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं एवं विजेताओं का विवरण अधोलिखित है –

**रंगोली प्रतोयोगिता –**

प्रथम पुरस्कार – तमन्ना , अंजलि

द्वितीय पुरस्कार – सिया, मीनाक्षी

तृतीय पपुरस्कार – देवांशी, पायल

सांत्वना पुरस्कार - विवेक, सलोनी

**पोस्टर मेकिंग –**

प्रथम पुरस्कार – – आयुष – बी.कॉम.2nd

द्वितीय पुरस्कार - युवराज – बी.ए. 1st

तृतीय पुरस्कार – कनिका – बी.कॉम.3rd

सांत्वना पुरस्कार – प्रिंस , सुमित

इस अवसर पर प्रो संजीव कुमार, प्रो राजेश कुमार, प्रो शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल कटोच, डॉ नीतिका शर्मा, प्रो योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे |









प्रो विवेकानंद शर्मा

NSS P.O.

प्रो उपेन्द्र शर्मा

Principal प्राचार्य
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 17608

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

राजकीय महविद्यालय शिवनगर में अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक के उपलक्ष्य पर आज दिनांक 05/12/2023 को प्राचार्य महोदय प्रो० उपेन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया | इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में छात्रों को सेवा के महत्त्व, उसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्रनिर्माण में उसके योगदान का वर्णन किया







इस अवसर पर डॉ शमशेर जी, प्रो राजेश कुमार, प्रो शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल कटोच, डॉ नीतिका शर्मा, प्रो योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे |

प्रो विवेकानंद शर्मा
NSS(P.O.)

प्रो उपेन्द्र शर्मा
प्राचार्य

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

राजकीय महविद्यालय शिवनगर मे अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर आज दिनांक 10/12/2023 को प्राचार्य महोदय प्रो० उपेन्द्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया | इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में छात्रों को मानवाधिकार के महत्त्व एवं उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला |

इस अवसर पर डॉ शमशेर जी, प्रो राजेश कुमार, प्रो शिखा धरवाल, डॉ उज्ज्वल कटोच, डॉ नीतिका शर्मा, प्रो योगेश पाण्डेय जी उपस्थित रहे |

प्रो विवेकानंद शर्मा
NSS(P.O.)

प्रो उपेन्द्र शर्मा
प्राचार्य

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

## सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर रिपोर्ट

### प्रथम दिवस

आज दिनांक 20/12/2023 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्य महोदय प्रो उपेन्द्र शर्मा जी की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो विवेका नन्द शर्मा जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्री ऋषभ रनौत जी विशेष अतिथि के रूप में, महाविद्यालय का सम्पूर्ण सहायकाचार्यवर्ग एवं कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहा।

सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके शिविर का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात इस अवसर पर सर्वप्रथम मंगलाचरण के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवियों द्वारा ईश्वर प्रार्थना की गयी। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी प्रो विवेका नन्द शर्मा ने 7 दिनों में स्वयं सेवियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का वर्णन किया गया। इसके उपरांत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित श्री ऋषभ रानौत जी ने अपने अनुभव से स्वयं सेवियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य महोदय जी ने इस अवसर पर सभी स्वयं सेवियों को अपने आशीर्वचनों से अनुगृहित किया। इसके बाद कुछ स्वयं सेवियों ने भोजन व्यवस्था का दायित्व निभाया। दूसरे सत्र में यानि बौद्धिक सत्र में छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों द्वारा अपना ज्ञान वर्धन एवं मनोरंजन किया। इसके साथ-साथ स्वयं सेवकों ने अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। इस तरह इस शिविर का प्रथम दिवस पूर्णता को प्राप्त हुआ।






### दूसरा दिवस

आज राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन का शुभारम्भ पुनः प्राचार्य महोदय जी की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम अधिकारी जी के नेतृत्व प्रार्थना सभा से किया गया जिसमें सम्पूर्ण महाविद्यालीय आचार्य वर्ग, सहायकाचार्य वर्ग एवं कार्यालय कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहा। सर्वप्रथम स्वयं सेवियों ने भगवत प्रार्थना से दूसरे दिन का शुभारम्भ किया। उसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के उपरान्त प्रथम दिवस किये गए कार्यों का विवरण देने के लिए प्रथम दिवसीय रिपोर्ट प्रस्तुत की

Scanned with OKEN Scanner

गयी। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी जी के द्वारा दूसरे दिन किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। पूर्व विभाजित समूहों में कार्य बांटा गया। एक समूह को भोजन का कार्यभार सौंपा गया बाकि समूहों ने वाटिका एवं क्यारियों का सौन्दर्यीकरण किया। उसके पश्चात् स्वयं-सेवियों ने पीछे स्थित नाली की साफ़ सफाई की। दोपहर एक बजे स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। भोजन के बाद खेल कूद से सभी अपना मनोरंजन किया। उसके बाद द्वितीय सत्र में Qurrr( क्रिर) संस्था के सदस्यों ने लिंग संवेदीकरण विषय पर बच्चों का मार्गदर्शन किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस तरह हमारे शिविर का दूसरा दिन पूर्णता को प्राप्त हुआ।











## तृतीय दिवस

आज शिविर के तीसरे दिन पुनः स्वयं सेवियों ने दिन की शुरुआत ईश्वर प्रार्थना से की गयी। उसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। उसके उपरान्त दूसरे दिन किये गए कार्यों का विवरण देने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तृतीय दिवस किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। सभी स्वयंसेवी प्रदत कार्यों में जुट गए। प्रथम सत्र में एक समूह ने भोजन निर्माण सम्बन्धी व्यवस्था का निर्वहन किया तथा अन्य तीनों समूहों ने महाविद्यालय के पृष्ठ भाग में स्थित झाड़ियों को काटा। तदोपरांत सभी स्वयं सेवियों ने भोजन ग्रहण किया। मनोरंजन के लिए स्वयं- सेवियों ने खेल का साहारा लिया।

इस दिन महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे NSS स्वयंसेवियों ने भी भाग लिया। इसके बाद स्वयंसेवियों द्वार अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यकर्मों का आयोजन किया गया। इस रीति से हमारा तृतीय दिवस सम्पूर्णता को प्राप्त हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

## चतुर्थ दिवस

आज राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिवस का आरम्भ पुनः प्रार्थना सभा से किया गया | सर्व प्रथम स्वयं सेवियों ने ईश्वर स्तुति से प्रार्थना सभा की शुरुआत की |तत्पश्चात लक्ष्य गीत-गान के बाद स्वयंसेवियों ने तृतीय दिवस में किये गए कार्यों का विवरण देने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की | तदोपरांत कार्यक्रम अधिकारी ने सभी स्वयं-सेवियों को चतुर्थ दिवस में किये जाने वाले कार्यों से सभी को अवगत करवाया | सभी समूह बतलाये गए कार्यों में जुट गए | एक समूह ने भोजन निर्माण का दायित्व संभाला तथा शेष समूहों ने शिवनगर बाजार एवं मंध खड्ड के आस पास बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित किया परिसर के आस पास उगी झाड़ियों का निपटारा किया | इस प्रकार इन गतिविधियों के उपरान्त सभी स्वयं-सेवियों ने भोजन ग्रहण किया | दूसरे सत्र से मुख्यवक्ता के रूप NSS Coordinator Dr शशि राणा जी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे | उन्होंने NSS के इतिहास, उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला | तदोपरांत सभी स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए | इस प्रकार हमारा चतुर्थ दिवस सम्पूर्ण हुआ |












## पंचम दिवस

आज शिविर का पंचम दिवस | पुनः इस दिवस का आरम्भ प्रार्थना सभा में ईश्वर स्तुति से किया गया | तदोपरांत लक्ष्य गीत के गान के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवी अनामिका द्वारा शिविर के गत दिवस अर्थात चतुर्थ दिवस की दिनचर्या का वर्णन किया गया | उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पंचम दिवस की दिनचर्या का वर्णन किया गया | इसके उपरान्त

Scanned with OKEN Scanner

सभी स्वयं सेवियों ने समीप में स्थित शिव मंदिर में पड़े कचरे का निपटारा किया तथा क्यारियों में पड़े हुवे प्लास्टिक बैग एवं बोतलों को एकत्रिक किया तथा बची हुई क्यारियों का सौंदर्यीकरण किया गया। एक स्वयंसेवी समूह ने भोजन निर्माण का कार्य किया। तत्पश्चात स्वयं सेवियों ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया। द्वितीय सत्र / बौद्धिक सत्र में प्रो योगेश पाण्ड्य जी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। स्वयं सेवियों को उन्होंने जीवन में अनुशासन के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी स्वयं-सेवियों बहुत बढ़-चढ़ भाग लिया। इस प्रकार हमारे शिविर का पंचम दिवस पूर्ण हुआ।




## षष्ठं दिवस(छठा दिवस )

आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का छठा दिवस था। इस छठे दिवस का आरम्भ स्वयंसेवियों ने प्रार्थना सभा में ईश्वर स्तुति से की। तदोपरांत लक्ष्य गीत सहित गत दिवस की दिनचर्या का विवरण देने के लिए स्वयं सेवियों ने पंचम दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरान्त कार्यक्रम अधिकारी ने छठे दिवस की दिनचर्या का वर्णन किया और करणीय कार्यों का वर्णन किया। सभी स्वयंसेवी काफी उत्साहित थे। प्रतिदिन की भांति सभी स्वयंसे वी समूहों ने अपना अपना कार्यभार संभाला। एक समूह ने भोजन व्यवस्था का कार्यभार संभाला। बाकि बचे समूहों ने महाविद्यालय के समीप स्थित श्मशान घाट एवं साथ लगती मंद खड्ड के आस पास सफाई की एवं वहाँ पड़े हुए कचरे का निपटारा किया। उसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। आज छठे दिन द्वीतीय सत्र में प्रो राजेश कुमार शर्मा मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रकार हमारे शिविर का छठा दिवस पूर्णता को प्राप्त हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

# सप्तम दिवस

आज हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सप्तम दिवस था। आज हमारा यह शिविर पूर्णता को प्राप्त होने जा रहा था। इस अंतिम दिवस आदरणीय प्राचार्य महोदय प्रो उपेन्द्र शर्मा जी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने दीप ज्वलन कर अंतिम दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदोपरांत लक्ष्य गीत का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी जी ने मुख्यातिथि अतिथि महोदय जी का पधारने पर स्वागत किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्वयं सेवी ने इस सप्त दिवसीय शिविर में किये गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसके बाद समापन समारोह के मुख्यातिथि महोदय प्रो उपेन्द्र शर्मा जी अपने वक्तव्य द्वारा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवियों को जीवन में समाज सेवा से जुड़ने के लिए आवाहित किया। तदोपरांत कार्यक्रम अधिकारी प्रो विवेकानंद शर्मा द्वारा मुख्यातिथि एवं उपस्थित सभी अथितियों का धन्यवाद अर्पण किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालीय आचार्य-वर्ग तथा कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। इस प्रकार हमारा यह सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर पूर्णता को प्राप्त हुआ।

V Sharma
Vivekanand Sharma
(N.S.S. P.O.)

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

जिला कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में आज दिनांक 16/02/2024 को प्राचार्य महोदय डॉ शमशेर सिंह जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "लोकतंत्र में मतदान का महत्व " विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

प्राचार्य महोदय जी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदान के महत्व एवं जागरूकता मतदाता का योगदान पर प्रकाश डाला।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - दामिनी - बी0ए0 तृतीय वर्ष

द्वितीय स्थान - पूनम - बी0ए0 प्रथम वर्ष

तृतीय स्थान - नेंसी - बी0ए0 प्रथम वर्ष

चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - युवराज - बी0ए0 प्रथम बर्ष

द्वितीय स्थान - मुस्कान -बी0ए0 द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थान - आयुष शर्मा - बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष

सांत्वना पुरस्कार - अभय -बी0कॉम0 प्रथम वर्ष

इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो0 राजेश कुमार, डॉ नीतिका शर्मा, डॉ उज्जवल कटोच एवं प्रो0 योगेश पांडेय जी जी उपस्थित रहे।










Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

जिला कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में आज दिनांक 26/02/2024 को प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह जी के मार्गदर्शन में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्राचार्य महोदय जी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदान के महत्व एवं जागरूकता मतदाता का योगदान पर प्रकाश डाला।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है।

चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - मुस्कान -B.A. 2nd Year

द्वितीय स्थान – अंशुल - B.Com. 3rd Year

तृतीय स्थान - यामिनी- B.Com. 1st Year

इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो संजीव कुमार, प्रो0 राजेश कुमार, डॉ नीतिका शर्मा, डॉ उज्जवल कटोच एवं प्रो0 योगेश पांडेय जी जी उपस्थित रहे।




Vivekanand Sharma
N.S.S.(P.O)

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

जिला कांगड़ा

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में आज दिनांक 27/02/2024 को प्राचार्य महोदया डॉ संगीता सिंह जी के संरक्षण में एवं NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 विवेकानंद शर्मा जी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्राचार्य महोदय जी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को मतदान के महत्व एवं जागरूकता मतदाता का योगदान पर प्रकाश डाला।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है।

नारा लेखन प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - मुस्कान- B.A.2nd

द्वितीय स्थान - यामिनी -B.Com.1st

तृतीय स्थान - अंशुल- B.Com. 3rd

सांत्वना पुरस्कार - देवांशी- B.Com.1st

इस अवसर पर डॉ शमशेर सिंह जी, प्रो संजीव कुमार, प्रो0 राजेश कुमार, डॉ नीतिका शर्मा, डॉ उज्जवल कटोच एवं प्रो0 योगेश पांडेय जी जी उपस्थित रहे।




V. Sharma
Vivekanand Sharma
N.S.S. (P.O.)

Principal
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

आज दिनांक 01/03/2024 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में **'मतदाता जागरूकता अभियान'** श्रृंखला के तहत मतदाता जागरूकता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। **NSS** के संयोजक **विवेकानंद शर्मा** ने व्याख्यान में मुख्य वक्ता **प्रो. संजीव शर्मा,** सभी छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए मुख्य वक्ता को मंच पर आमंत्रित किया। मुख्य वक्ता प्रो. संजीव शर्मा ने मतदान का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को मतदान की प्रक्रिया से भी अवगत कराया और वीडियो के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को समझाया। इस कार्यक्रम में डॉ. शमशेर राणा, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. उज्ज्वल कटोच, डॉ. नीतिका शर्मा, प्रो शिखा धरवाल, प्रो. योगेश पाण्डेय और रवींद्र कुमार उपस्थित रहे। अंत में NSS संयोजक विवेकानन्द शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए व्याख्यान का समापन किया।













प्रो विवेका नन्द शर्मा

NSS( P.O.)

Principal प्राचार्य
Govt. College Shivnagar
Distt. Kangra (H.P.) - 176086

Scanned with OKEN Scanner